हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 24 जून 2024

तापमान

अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 29.2 डिग्री

12 कोल्ड स्टोर निर्माण के नाम पर धोखाधड़ी, पांच पर मुकदमा



12 टीजीटी व पीजीटी ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



## खबर संक्षेप

### बाइक की चपेट में आकर एक युवक घायल

**बावल।** बनीपुर चौक के पास बाइक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। बिजली बोर्ड के पास रहने वाला राजीव कुमार बनीपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान बावल की ओर से जा रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### मारपीट करने के आरोप में एक पर केस दर्ज

**कसोला।** बोलनी बस स्टैंड पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुकुंदपुर बसई निवासी सुंदरलाल ने पुलिस बयान में बताया कि वह बोलनी में किराए की गाड़ी करने के लिए गया था। वहां श्योप्रसाद ने अपनी दुकान से आवाज लगाते हुए कहा कि वह उससे 12 सौ रुपये मांगता है।

### पांच किसानों के फव्वारा नोजल चोरी

**डहीना।** कंवाली में चोर पांच किसानों के फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में रामकिशन ने बताया कि उसने बाजरे की फसल सिंचाई के लिए खेत में फव्वारा नोजल लगाई थीं। सुबह के समय वह खेत में गया तो उसकी 10 नोजल चोरी हुई मिलीं। उसने आसपास पता किया तो गांव के ही जगदीश, इंद्रजीत, अमन व सूरत सिंह के खेतों से भी नोजल चोरी होने की जानकारी मिली।

### मंदिर के दानपात्रों से नकदी ले गए चोर

**कोसली।** भूरथला में सरकारी स्कूल के पास बने हनुमान मंदिर के दान पात्रों के ताले व कुंदे काटकर चोर हजारों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरपंच रामकला ने बताया कि मंदिर में चढ़ावा डालने के लिए दानपात्र बनाए हुए हैं। शाम के समय गांव के लोग मंदिर गए तो दानपात्र सुरक्षित थे। सुबह जब लोग मंदिर में पूजा-अर्चना करने गए तो दानपात्रों के ताले व कुंदे टूटे हुए थे।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना शहर पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग से समझौता कराने का प्रयास किया था। दोनों पक्षों में बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के कारण पुलिस ने 17 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रावलीहाट मोहल्ला निवासी मुकेश गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

### कुएं के कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी

**नाहड़।** रामगढ़ में चोर एक कुएं पर बने कमरे का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में किसान प्रदीप ने बताया कि वह सुबह के समय अपने कुएं पर गया तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे से 10 फव्वारा नोजल, फव्वारा सेट के बैंड व काफी अन्य सामान गायब था। उसने बताया कि कुछ समय पहले भी चोर उसकी 10 फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए थे।

### ऑफिस का ताला तोड़कर सामान चोरी

**नाहड़।** कनीना रोड पर चोर एक ऑफिस का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। गांव निवासी संतोष देवी ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने कनीना रोड पर अपना ऑफिस किया हुआ है। सुबह के समय जब वह अपने आफिस पहुंची तो ताला टूटा हुआ मिला। चोर ऑफिस से एक एसी, प्रिंटर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज की है।

---

ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से उठाई जा रही थी मांग मांग

# सुविधाः मार्केटिंग बोर्ड 126 लाख खर्च कर संवारेगा लिंक रोड

**ग्रामीण क्षेत्र के चार लिंक रोड के लिए लगाएं गए टेंडर, टेंडर होने के बाद जल्द शुरू होगा निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड की ओर से जल्द ही ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर 1.26 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। इस बजट से बोर्ड की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों की चार सड़कों का नव निर्माण किया जाएगा। मार्केटिंग बोर्ड के जेई आशुतोष ने बताया कि बोर्ड ओर से धारूहेड़ा ग्रामीण क्षेत्र की चार लिंक रोड नव निर्माण जाएगा। ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से इन सड़कों को बनाने की मांग की जा रही थी। मार्केटिंग बोर्ड की ओर से इन सड़कों के नव निर्माण के लिए टेंडर लगा दिए गए है। टेंडर का 14 दिन का समय है, जिसके बाद टेंडर होने पर वर्क ऑर्डर करके जल्द ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।



रेवाड़ी। खटावली से मीरपुर का लिंक रोड। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। नई अनाजमंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### बनेगी 9400 मीटर नई लिंक रोड

जेई आशुतोष ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की 4 नई लिंक रोड का 9400 मीटर का नव निर्माण किया जाएगा, इसके लिए सरकार की ओर से 1,26,29,484 करोड़ रुपये की प्रशासनिक अनुमति मिली है। विभाग की ओर से यह राशि खर्च करके सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। गांव गोकलपुर से कुंभावास की 1330 मीटर, रोजका से तुर्कियावास की 1740 मीटर, खटावली से मीरपुर की 5400 मीटर तथा माजरा श्योराज से हांसाका की 930 मीटर की सड़क का नव निर्माण किया लाएगा।

### चार सड़कों के टेंडर लगे

ग्रामीण क्षेत्र की चार सड़कों के टेंडर लगा दिए गए है, जिसका 14 दिन का समय है। चारों सड़कों का अस्टीमेंट भी बनाकर विभाग को भेज दिया गया है। टेंडर होने पर जल्द ही इन सड़कों के नव निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सड़कों के बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

**आशुतोष, कनिष्ठ अभियंता।**

### इन लिंक रोड का होगा नव निर्माण

मार्केटिंग बोर्ड की ओर से ग्रामीण क्षेत्र की 4 नई लिंक रोड का नव निर्माण किया जाएगा। इन लिंक रोड पर 1,26,29,484 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। गांव गोकलपुर से कुंभावास लिंक रोड पर 14,40,507 रुपये की लागत आएगी। गांव रोजका से तुर्कियावास मार्ग पर 18,45,893 रुपये की राशि खर्च की जाएगी। गांव खटावली से मीरपुर लिंक रोड पर 70,84,029 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। गांव माजरा श्योराज से हांसाका की सड़क पर 23,29,056 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

---

# मेडिकल स्टोर में चोरी सीसीटीवी में आरोपी कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल

कस्बे के एक प्राइवेट अस्पताल में घुसकर एक युवक मेडिकल स्टोर से नकदी व दवाएं चोरी कर ले गया। सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद होने के कारण आरोपी की पहचान हो गई। रविवार तड़के करीब साढ़े 4 बजे एक युवक स्पर्श अस्पताल के मेडिकल स्टोर में घुस गया। अस्पताल के संचालक लोकेश चौधरी ने पुलिस शिकायत में बताया कि युवक ने मेडिकल स्टोर के काउंटर की दराज से 20 हजार रुपये और लगभग 10 हजार रुपये की दवाएं चोरी कर लीं। घटना के समय अस्पताल का स्टाफ सोया हुआ था। उसने पड़ोस के दूसरे अस्पताल में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर चोरी का आरोपी कस्बे का ही निकला, जो एक बार पहले भी वारदात को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# घर पर आकर मारपीट व धमकी, तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

थाना खोल पुलिस ने खालेटा में घर पर आकर दो भाइयों के साथ मारपीट करने और तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को घटनाक की वीडियो फुटेज भी दी गई है, जिसमें आरोपी भी पत्थरों पर गिरकर घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस बयान में प्रीतम शर्मा ने बताया कि उसके भाई गौरव का गांव के ही पुनीत के साथ शराब पीते समय विवाद हो गया था। इसके बाद उसका भाई घर आ गया था। प्रीतम ने आरोप लगाया कि बाद बाद में पुनीत ने उनके घर पर आकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। गेट नहीं खोलने पर वह वहां से चला गया। प्रीतम ने आरोप लगाया कि बाद में वह महीपाल व छोटेलाल को साथ लेकर उसके घर आया। तीनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

---

# भगवान को सच्ची भक्ति से पाया जा सकता हैः मलिक

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को प्रभु चरणों में समर्पण का कार्यक्रम सफर कितना भी मुश्किल हो, प्रभु आसान कर देंगे का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवप्रेरणा संस्था के प्रधान हरीश मलिक, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की जिला अध्यक्ष श्रुति शर्मा व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगवान तो केवल भाव के भूखे हैं, उन्हें सच्ची श्रद्धा और भक्ति से पाया जा सकता है। संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, शिक्षाविद् डा. बलबीर अग्रवाल, महिला प्रधान निशा सीकरी व सहसंयोजक प्रवीन ठाकुर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के बाल सखा सुदामा घर से तीन मुठ्ठी चावल की भेंट लेकर द्वारकाधीश से मिलने आए। श्रीकृष्ण का वैभव देखकर उनकी हिम्मत नहीं हुई कि उन्हें अपनी पोटली में बंधे चावल भेंट कर सके, लेकिन श्रीकृष्ण ने उनसे पोटली छीनकर चावल का प्रेमपूर्वक भोग लगाया और सुदामा के बिना मांगे ही उन्हें अपने जैसा महल प्रदान किया। इस मौके पर बच्चों की बैलून गेम प्रतियोगिता कराई गई। हांस्य कलाकार प्रदीप शर्मा गुड्डू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में शिक्षाविद् देवेन्द्र कुमार, समाजसेवी राजेन्द्र गेरा,



रेवाड़ी। अतिथियों को सम्मानित करते संस्था सदस्य।

# एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष को थाने में बैठाया

हरिभूमि न्यूज. कोसली

रोहतक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ एनएसयूआई की ओर से किए जाने वाले प्रदर्शन से पूर्व कोसली पुलिस ने एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव को रोहतक रवाना होने से पूर्व रोक लिया। एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष ने इसे बीजेपी सरकार की दमनकारी नीति बताया है। अविनाश यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। केंद्र में 50 से अधिक पेपर लीक हो चुके हैं। हरियाणा में बीजेपी कार्यकाल के दौरान 33 बार पेपर लीक हो चुके हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एनटीए को नीट पेपर लीक मामले में क्लीन चीट दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। नीट परीक्षा एमबीबीएस में दाखिले के लिए होती है। नीट इतिहास में पहली बार 67 छात्रों के 720 में से 720 अंक आए हैं।



रेवाड़ी। कोसली थाने में बैठे हुए अविनाश यादव।

---

# 28वें महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

भगवान महावीर फाउंडेशन की ओर से 28वें महावीर अवार्ड के लिएअहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा चार क्षेत्रों में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है।

फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस अवार्ड के लिए गरीब तबके व समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं। इन पुरस्कारों के लिए विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमएन वेंकटाचालिहा की अध्यक्षता में न्यायपीठ द्वारा किया जाता है। अवार्ड के लिए निर्धारित आवेदन पत्र को भरकर डाक द्वारा भगवान महावीर फाउंडेशन, सियाट हाउस, 961, पूनमल्ली हाई रोड, पुरासावाल्कम, चेन्नई, तमिलनाडु-600084 अथवा ई-मेल से भेज सकते हैं।

# टायर चोरी करने में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने पिछले साल तमिलनाडु से टायर भरकर झारखंड के लिए रवाना हुए ट्रक से टायर चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला चुरू के राजगढ़ निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। जिला नूंह के गांव मालब निवासी अख्तर हुसैन डीजीएफसी कम्पनी धारुहेडा में बतौर सुपरवाईजर काम करता है। उसका ट्रक डीजीएफसी कम्पनी के नाम से रजिस्टर्ड है। गाड़ी का ड्राईवर 17 नवंबर 2023 को तमिलनाडु से ट्रक में टायर भरकर जमशेदपुर झारखण्ड के लिए चला था, लेकिन वहां नहीं पहुंची। पुलिस ने थाना धारूहेड़ा में चोरी का मामला दर्ज करके गाड़ी को चौमू राजस्थान से बरामद कर मामले में दो आरोपी गाड़ी चालक उजैर उर्फ जहरी व उसके साथी सतबीर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपी सतबीर ने बताया की गाड़ी से चोरी किए गए टायरों में से कुछ टायर उसने राजस्थान के जिला चुरू निवासी अजय कुमार को बेच दिए थे।गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला चुरू के राजगढ़ निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# तीन दिन पहले बच्चों को लेकर विवाद, अब फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

झाबुआ में तीन दिन पहले बच्चों के साथ मारपीट के बाद उपजे विवाद को लेकर एक युवक ने घर के बाहर फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। फायरिंग की घटना से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। बावल थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में शुभराम ने बताया कि बताया कि उनके परिवार के बच्चों के साथ गांव निवासी अशोक ने तीन दिन पहले मारपीट की थी। इस बात को लेकर विवाद हो गया था। बाद में दोनों पक्षों ने बातचीत से मामला निपटा दिया था। शुभराम ने आरोप लगाया कि शनिवार की रात अशोक का लड़का जयदीप एक अन्य युवक के साथ मुंह पर कपड़ा बांधकर बाइक से उसके घर पर आया। घर के गेट पर खड़ा होकर वह गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने घर के बाहर फायरिंग कर दी। पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद आरोपी एक बार वहां से चले गए। इसके बाद दोबारा आकर जान से मारने की धमकी दे गए। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

---

### कुत्ते को लेकर विवाद में परिवार पर हमला

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

मोहल्ला तेजपुरा में कुत्ते को लेकर शुरू हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सिटी पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में करणसिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले साहिल, राहुल व गुल्लू उसके घर के पास से बाइक लेकर जा रहे थे। गली में घूमने वाला एक आवारा कुत्ता उनके पीछे हो गया। कुत्ता भोंकते हुए इन लोगों पर झपट पड़ा। बाद में तीनों ने मिलकर कुत्ते को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। कुत्ते को मारते समय उसने और उसके भाई यश ने विरोध जताया तो इन लोगों ने उनके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता हो गया।

रेवाड़ी में रणधीर सिंह कापड़ीवास का दावा मजबूत, अटेली में संतोष यादव एक बार फिर मैदान में

# टिकट की लाइन में नरबीर, पुराने गढ़ बादशाहपुर में संभाला मोर्चा

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दक्षिणी हरियाणा की राजनीति में विधानसभा चुनाव करीब आते ही हलचलें बढ़ने लगी हैं। चुनावों से पहले इस क्षेत्र में भाजपा में एक बार फिर टिकट को लेकर 'जंग' देखने को मिल सकती है। टिकटों की लड़ाई केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और उनके विरोधी भाजपा खेमे के बीच देखने को मिल सकती है। गत विधानसभा चुनावों में राव के 'फ्री हैंड' रहने के कारण टिकट से वंचित रहे तीन एक्स एमएल एक बार फिर अपने-अपने क्षेत्र में एक्टिव होने लगे हैं। तीनों ही टिकट के मजबूत दावों के साथ लोगों के बीच जनसंपर्क बढ़ाने में लगे हुए हैं।







रेवाड़ी। राव नरबीर सिंह। संतोष यादव। रणधीर कापड़ीवास।

अहीरवाल के कई हलकों में मजबूत पकड़ के चलते पिछले विधानसभा चुनावों में दो-तीन हलकों को छोड़कर शेष हलकों में टिकट का फैसला भाजपा ने राव इंद्रजीत पर सौंप दिया था। टिकटों की बाजी हाथ में आने के बाद राव ने तीन सीटिंग एमएलए राव नरबीर सिंह, रणधीर सिंह कापड़ीवास और पूर्व विधानसभा स्पीकर संतोष यादव को हाथ मलने के लिए छोड़ दिया था। टिकट नहीं मिलने के बाद नरबीर और संतोष यादव ने चुनाव लड़ने का इरादा छोड़ दिया था, जबकि कापड़ीवास ने राव समर्थित प्रत्याशी को हराने के लिए खुलकर बगावत का बिगुल बजा दिया था। पार्टी को नुकसान पहुंचाने के कारण कापड़ीवास को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था, परंतु नायब सिंह सैनी ने प्रदेशाध्यक्ष की कमान संभालने के तुरंत बाद उन्हें एक बार फिर से भाजपा ज्वाइन करा दी थी। टिकट को लेकर राव की मनमानी के कारण अहीरवाल में भाजपा ने बादशाहपुर और रेवाड़ी दोनों सीटें गंवा दी थी। रेवाड़ी में कापड़ीवास की बगावत का रास्ता कांग्रेस की एक सीट बढ़ाने का काम कर गई थी, तो बादशाहपुर में निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले राकेश दौलताबाद भाजपा प्रत्याशी को मात देने में सफल रहे थे। चुनावों के बाद भी भाजपा के तीनों नेताओं का राव इंद्रजीत सिंह के प्रति राजनीतिक विरोध कम नहीं हुआ। अब इन नेताओं ने अपने-अपने हलकों में टिकट की उम्मीद के साथ सक्रियता बढ़ा दी है। अहीरवाल में टिकट की जंग एक बार फिर से दो खेमों के बीच होने की संभावना प्रबल नजर आने लगी हैं।

### बादशाहपुर में बादशाहत की चाहत

गुरूग्राम के बादशाहपुर हलके में राव नरबीर सिंह की मजबूत पकड़ मानी जाती है। इस बार उन्होंने भाजपा की टिकट मिलने की उम्मीद के साथ इस हलके से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने इस हलके के बडे जाट बाहुल्य गांवों को अभी से साधना शुरू कर दिया है, जो चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। टिकट के लिए खुद को अन्य दावेदारों की तुलना में 10 गुणा ज्यादा मजबूत मानने का दावा करते हुए नरबीर ने जनसंपर्क बढ़ाना शुरू कर दिया है। पार्टी के लिए आगामी चुनावों में इस कद्दावर नेता को नजरअंदाज करना इस बार भी घाटे का सौदा साबित हो सकता है।

### कापड़ीवास का अपना मजबूत जनाधार

रेवाड़ी हलके में रणधीर सिंह कापड़ीवास का अपना व्यक्तिगत जनाधार मजबूत होने के कारण गत विधानसभा चुनावों में उन्होंने टिकट कटते ही भाजपा प्रत्याशी को टारगेट बना लिया था। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नंबर-थ्री पर रहने वाले कापड़ीवास ने भाजपा प्रत्याशी का बोरिया बिस्तर समेट दिया था। इस बार वह भतीजे मुकेश कापड़ीवास को चुनाव मैदान में उतारने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने टिकट कटने के बाद किसी का कोई विरोध नहीं किया।

## जनजीवन के दृश्यों को महत्व

रेनू व हिमानी के चार चित्रों में प्रकृति सुषमा के साथ-साथ जनजीवन के दृश्यों को महत्व दिया है। प्रकृति व संस्कृति का अद्भुत तालमेल होता है। यही सामंजस्य इन बाल कलाकारों ने अपने चित्रों में दिखाया है। अनुराधा, रितू, सीमा व सूरजमुखी ने अपने चित्रों में हमारे समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ रंगों के माध्यम जंग लड़ी है। इससे पता चलता है कि समाज में कोढ़ की तरह फैली बुराइयां इन्हें कौंधती हैं। बाल कलाकार सीमा प्रकृति प्रेमी है। उसने एक चित्र में सूर्योदय के समय टहनी पर बैठा पक्षी युगल जैसे सुख-दु:ख की बातें कर रहा हो, बनाया है।

# बच्चों की कूची से निकले मुंहबोलते संदेश

बालमन सामाजिक समस्याओं को लेकर संजीदा रहते हैं। जब उन्हें इस पर अपनी इच्छा से अभिव्यक्ति की आजादी दी जाती है तो वे लेखन या चित्रों के माध्यम में वे तस्वीरें उकेर देते हैं जिनकी कई बार बड़े कल्पना भी नहीं रि सकते। पेंटिंग भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है जो दर्शक को भीतर तक झकझोर कर रख देता है।

कला | डॉ. सुमन कादयान

कला के शिखर पर पहुँचने के बाद विश्व विख्यात चित्रकार पिकासो ने कहा था, 'मैं किसी भी बड़े कलाकार की नकल कर सकता हूँ, किन्तु बच्चों की कला की नकल नहीं कर सकता।' उन्होंने यह इच्छा भी जाहिर की थी कि मैं बच्चों जैसे चित्र बनाना चाहता हूँ। पिकासो की इस इच्छा से ज्ञात होता है कि पिकासो बच्चों को साधारण चित्रकार नहीं मानते थे और वो यह भी समझते थे कि बिना किसी दबाव या प्रभाव के, नितांत मौलिक ढंग से चित्र बनाना बालमन से ही सम्भव है। बच्चों द्वारा खेल-खेल में सृजित चित्रों को बाल चित्रकला के अंतर्गत रखते हैं। उनके द्वारा चित्रित कलाकृतियां कई मायनों में उल्लेखनीय होती हैं।

बच्चों द्वारा बनाए चित्रों के पीछे भी एक तार्किकता होती है तथा इसके मनोवैज्ञानिक अध्ययन से उनकी मनोवृत्ति का स्पष्ट आभास मिल सकता है। यह सत्य है कि बच्चों में ड्राईंग के प्रति स्वाभाविक रुझान होता है। जब बच्चों में चित्र बनाने की बात छेड़ी जाए तो उनमें अनायास ही उत्साह आ जाता है तथा चित्र बनाने के लिये लालयित हो जाते हैं। चित्र बनाते समय उन्हें आनन्दानुभूति होती है। नई स्फूर्ति जागृत होती है। ऐसा माना जाता है कि बालक के अपरिपक्व मस्तिष्क में जो विचार कौंध रहे होते हैं अथवा जो भावनाएं उनके अंतर्मन को किसी एक क्षण में आंदोलित कर रही होती हैं, रेखाएं उसके हाथ उन्हीं का आकर लेगी।



### देशभक्ति के भाव जगाते चित्र

ग्यारहवीं कक्षा की खुशी एक कुशल चित्रकार है। उसने शहीद भगत सिंह, छत्रपति शिवाजी के सुन्दर चित्र बनाए हैं जो देशभक्ति के भाव जगाते हैं तो वीरता का एहसास करवा रहें है। एक चित्र में श्रीमद्भगवत गीता के महत्त्व व हमारे जीवन पर उसके प्रभाव को खूबसूरती से दिखाया है। एक अन्य चित्र में दिखाया है कि सिगरेट का धुआं जीवन को काला करके जीवन में खुशहाली के समस्त रंग गायब कर देता है। नौवीं कक्षा की मोनिका ने सूर्योदय-सूर्यास्त के समय का स्वर्णिम वातावरण तथा बसन्त के इन्द्र धनुषी रंग कुशलता से चित्रित किए हैं।

**अनदेखी**

**पटाखे बजाना शान समझते हैं लोग, जहरीली हो रही शहरों गांवों की आबोहवा**

**कब्जा**

**अपने कुछ देर के शौक के लिए ऐसे लोगों का दम घोट देते हैं, जिनको सांस की बीमारी है**



### चित्रों में अभिव्यक्ति की तार्किकता

बाल चित्रकारों के मन पर आसपास के वातावरण का प्रभाव भी पड़ता है। जो बच्चा देखता है, भोगता है या महसूस करता है उसे अपने चित्रों में स्थान देता है। हालांकि बच्चों की चित्रकारी के मुख्य विषय पेड़ पौधे, चिड़िया, बिल्ली, चूहा, पहाड़, झरने, पतंग, झूले, तितली, बादल, फूल आदि होते हैं, किन्तु थोड़ी परिपक्वता आने पर बच्चा या किशोर पूरे परिवेश को जानने, समझने लगता है। उसकी यही परिपक्वता उसके चित्रों में आने लगती है। वह सामाजिक बुराइयों, आडम्बरों, बढ़ते प्रदूषण, छल-कपट को अपने चित्रों के विषय बनाकर उनके खिलाफ लड़ना आरम्भ करता है, तो पर्यावरण सरंक्षण पर गम्भीरता से सोचता है। बच्चों के चित्रों में उनकी अभिव्यक्ति झलकती है। ऐसी ही अभिव्यक्ति की झलक, पर्यावरण व भटकते हुए समाज की चिन्ता पिछले दिनों छात्राओं द्वारा बनाई पेंटिंग प्रदर्शनी में देखने को मिली। बाल व किशोर कलाकारों द्वारा बनाए चित्र मात्र रंग-ब्रुश, स्कैट या मोम रंगों से बनाए चित्र भर नहीं थे, बल्कि इन चित्रों को बनाते समय छात्राओं ने गहरे विवेक, बेहतरीन सोच व कला दक्षता का प्रमाण दिया है। इन चित्रों को बनाने के पीछे छात्राओं की सकारात्मक सोच, समाज व पर्यावरण की चिन्ता साफ झलकती है। चित्रों को देखने, परखने पर ज्ञात होता है कि वो समाज से बुराइयों को उखाड़कर अमन-चैन, समानता, भाईचारा चाहती हैं। वो प्रदूषित नहीं बल्कि साफ-सुथरा व हरा-भरा वातावरण चाहती हैं। ये कलाकार नहीं चाहते कि हम जिस समाज में रहते हैं वो कुण्ठित, नकारात्मक, द्वेषी, स्वार्थी हो। इन बाल व किशोर चित्रकार छात्राओं के चित्र गहराई से देखते हैं तो बड़ों को भी सोचने-समझने पर मजबूर कर देते हैं।

### प्रकृति की सत्ता के दर्शन

बारहवीं कक्षा की छात्रा करिश्मा द्वारा बनाए कई चित्रों में प्राकृतिक सौन्दर्य कुदरत का करिश्मा, प्रकृति की सत्ता को दर्शाया है। एक पेंटिंग में गहरे जंगल के बीच से बहती नदी से एक बाघ पानी पीकर अपनी प्यास मिटा रहा है। बाघ पानी पीता-पीता नदी में तैर रही दो बड़ी बत्तखों को भी देख रहा है। जंगल के बीच से हरे पड़ों के ऊपर नीले आसमान में कुछ बादलों के झुण्ड दिखाई दे रहे हैं। जैसे वे जल्दी ही पूरे आसमान में छाकर पानी बरसा कर पूरे जंगल की प्यास मिटाने की तैयारी कर रहे हैं। नदी के पानी में पेड़ों व बादलों का सुन्दर बिम्ब आकर्षण पैदा कर रहा है।

### नशे से दूर रहने के संदेश

एक अन्य छात्रा सुशीला ने एक शहर की बहुमंजिला कंकरीट की इमारतें, सड़क पर वाहनों की भरमार तथा उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं दम घोटता दिखाया है। किशोर कलाकार ने दिखाया है कि बढ़ती इमारतों के कारण जंगल कम हो रहे हैं। पीने का पानी भी जहरीला व कम हो रहा है। लाल रंग से बनाया आसमान खतरे का संकेत है। कलाकार ने पानी बचाने की प्रेरणा भी दी है। दूसरी पेंटिंग में नशे के दुष्परिणाम को दर्शाया है कि जो नशा करता है उसका मान-सम्मान, धन, स्वास्थ्य सब कुछ प्रभावित होता है तथा परिवार को भी भुगतना पड़ता है। बारहवीं कक्षा की ही छात्रा पूनम ने भारी जंगलों से लदे पहाड़ों के सामने बनी प्राकृतिक झील में छोटे से टापू पर एक नव युवती पत्थर पर बैठी प्राकृतिक सुषमा का रस-पान कर रही हैं। ठण्ड का एहसास करने के लिए पैर पानी में डुबाए हुए है। दोनों ओर भारी जंगल, फूलों से लदी जंगली झाड़ियां, दूसरी ओर साफ नीले पानी की झील तथा पीछे ग्लेशियरों से अटी पड़ी पर्वत चोटियाँ चित्र को सुन्दरता व आकर्षण पैदा कर रहे हैं। जंगल के आगे मादा जेबरा व उसका बच्चा निश्चिंत खड़े दिखाए हैं। एक अन्य पेंटिंग में कुछ कटे हुए, कुछ सूखे हुए पेड, काले रंग में दिखाए हैं। जमीन पेड़ो के बिना बन्जर, धूसर,लाल-पीले रंग में दिखाई है। इसका असर आसमान पर भी नजर आ रहा है।

कविता | निधि राठी



## पुराना मकान

एक घर था जो ढह गया,
एक वक्त था जो बीत गया,
अब दीवारों से खिलखिलाहट झड़ने लगी है,
मेरी यादें मुझसे मुंह मोड़ने लगी हैं।

सब कुछ तो छोड़ जाना है एक दिन,
फिर क्या तेरे संग क्या तेरे बिन,
कुछ ऐसे गिन कर दिन गुजार रही हूं,
मानो किसी का क़र्ज उतार रही हूं।

वो रह गया अंदर जो कहना था,
कुछ सह चुके थे,
पर शायद अभी और सहना था,
आंगन में नीम का पेड़ मुरझाने लगा है,
गांव की गलियां सुनसान देखी,
तो लगा गांव भी शहर सा होने लगा है।
तस्वीर टूटने वाली है,
कांच बिखरने वाला है,
एक तूफ़ान सब बरबस हो जाएगा,
रोक ले नहीं तो पराया हो जाएगा।
खौफ आता है इन दरारों से,
जो मेरी चौखट में आई है,
वो दूर खड़ी जो हंस रही है,
मैं हूं या मेरी परछाई है।
दरवाजा बंद नहीं होता,
शायद अकड़ गया है,
देखकर इस पुराने मकान की
हालत मेरा दिल बैठ सा गया है,
मकड़ी के बनाए जाल इस
बात का गवाह है,
वीरान रहा, बारिश, ठंड, धूप,
आंधी सब अकेला ही सहता रहा।
खिले फूल किसी एक कोने में
चुपचाप लहराते रहे,
संदूकों में जंग लग गया,
वो कपड़े, गहने यूं ही सड़ते रहे,
मैं जाऊंगी इस जहां से तो
सबको बता कर जाऊंगी,
किला ढह जाएगा,
शोहरत मलबे में दब जाएगी,
रुतबा बिखर जाएगा,
जमीनें भी लूट ली जाएंगी।

रागनी | राजपाल सिंह गुलिया



धूणे पै ज्यूँ साधू तपता,
न्यूँ याह तपती धरती.
आज हवा भी तपी-तपाई,
मरण मारण न फिरती।

रूँख खड़े ये तपैं घाम मैं,
सिर नीचे न करकै.
जबरे आग्गै हीणा कोए,
खड़्या हुया ज्यूँ डरकै.
धूप आज याह दिन धौली में,
खड़ी बरू नै चरती।

फिरैं देख ल्यो ढोर तिसाए,
नहीं झोड़ मैं पाणी.
पेड़ काटण नै कह तरक्की,
दुनिया याह गिरकाणी.

घर तैं बार लिकड़ते लू भी,
[redacted]छुरी नाड़ पै धरती.

खबर छपी सै और पड़ैगी,
कुछ दिन दबकै गरमी.
नौतपे मैं योह सूरज देवता,
बरतै कोन्या नरमी.
सूरज नै किरणां की लागै,
नई करी सै भरती।

सूरज बाबा दया करो कुछ,
जी लिकड़ण नै होर्या.
पेड़ काट कै माणस अपणी,
इस करणी पै रोर्या
इसी गरमी कदे देखी ना,
लाग्यी कहण सुमरती।

गीत | भूपसिंह 'भारती'



## गर्मी का महीना

गर्मी का महीना लू चालै घणघोर।
जेठ मास म्ह गर्मी, दिखलावै अपणा जोर।।

सूख गए सब, ताल तलैया,
ये पंछी मवेशी, प्यासे मैया,
प्यासी धरती मैया, अर प्यासा मरता मोर।

घाम पड़ै यो, चाम जळावै,
ऐडी चोटी लग, पसीनो आवै,
सबनै भोत सतावै, ना दीखै कोई ठोर।

सूरज का भई, देख तरारा,
फूंक दिया, सुख चैन हमारा,
दोषी सा हम सारा, ना दोषी कोई और।
ग्लेशियर भी, पिंघलण लागे,
फूटै भाग जै, इब नहीं जागे,
फेर बुरी हो म्हारै सागै, जै करी नहीं रै गोर।

गर्मी से बचने का, इलाज सै एक,
पेड़ लगाओ, घर घर म्ह अनेक,
कहै 'भारती' देख, बात ना करनी या इग्नोर।

कविता | अन्नू प्रिया



## वापस हम नहीं आते

जिन रिश्तों के बिना रह नहीं सकते
उन्हें जरा सी बात लिए रुलाया नहीं करते
जिनके बिना जिंदगी अधूरी लगे
उनकी बातों को जाया नहीं करते

जायज नहीं हरवक्त उन्हें सताना
किसी दिन उनके रुठ चले जाने पर
शायद फिर रिश्तों में आया नहीं करते
ये कसम और वो वादे भी व[redacted]ते
जब दिल से लोग उतर जाया [redacted]रते।

कमियों की दुकान रह जाते हैं रिश्ते
हर गम अपने दिल का, दिल में रखते
हर किसी को बताया भी नहीं करते।
हलक पर आवाज जब सच नहीं बोलते
तो चुप्पियों से जज्बातों के मंजर बदलते
समंदर के तूफान की तरह, बस शांत हो जाते।

कुछ भी न रहा रिश्तों में जब वो फिर आते
तो फिर वो मुझ पर हक क्यों जताते
सोचते हैं जोड़ तोड़ छोड़ में रिश्ते आजमाते
पता नहीं उन्हें, छोड़े हुए रिश्तों में वापस हम नहीं आते।

लघुकथा | गोविन्द भारद्वाज



## दहलीज

किसी के घर में अनहोनी हो गई। घर की इज्जत तार-तार हो गई। सब लोग दहलीज की दुहाई दे रहे थे। उसी समय घर के दरवाजे ने एक तरफ पड़ी पुरानी दहलीज से पूछा, 'आजकल लोग तुम्हारी मर्यादा भूल गए हैं ...किसी को तुम्हारी इज्जत की परवाह नहीं है। जो चाहे वो तुझे अमर्यादित तरीके से पार कर जाता है...ऐसा क्यों?

'दहलीज ने जवाब दिया, 'आज दहलीज ही कहाँ रही है घरों में ...जब दहलीज ही नहीं तो कैसी मर्यादा या अमर्यादा।'

'वो कैसे?' दरवाजे ने पूछा।

'वो ऐसे कि खुद के नीचे झांक कर देख...है कहीं दहलीज..।' दहलीज ने दु:खी मन से जवाब दिया।

कविता | लवली आनंद



## दुनिया का रंग

मुझे दुनिया के रंग
में रंगना नहीं आया,
मुझे दुनिया के ढंग
में ढलना नहीं आया,
समय से चूक कर मैं
बेमौत मारी गई कई बार,
मुझे सूरज की भाँति
ढल कर बस निकलना
ही आया हर बार,
दुःख आया और
दुःख के बाद सुख भी
आया हर बार
पर दुःख में रोना नहीं आया
एक भी बार,
दुःख आते गए दुःख के साथ
संघर्ष भी बढ़ता गया पर
संघर्ष में उफ्फ कर
के भागना नहीं
आया एक भी बार,
बहुत साथी मिले फिर
बिछड़ भी गए जो गए
सो गए मैं उन्हें मुड़ कर
देखी
न एक भी बार,
अब उन सबका
समय ही हिसाब करेगा..

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

**पहल** | **सौ मीटर की प्रतियोगिता में 10 कदम नहीं दौड़ पाने वाले कुकणा अब 40 किलोमीटर कुछ ही घंटों में नाप रहे**



**गौरव**

**70 वर्षीय पत्नी शांति भी गौरव महसूस कर रही हैं**

**गुर**

**41 वर्षीय बेटे को भी गुर सीखने शुरू किए**

**परख**

**प्रतियोगिताओं में बेटे की प्रतिभा की परख कर रहे**

# उम्र के आखिरी पड़ाव में भी प्रेरणास्रोत बने रामस्वरूप

जज्बा | दलबीर सिंह भूना

हसंगा गांव के 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा आज देशभर में लोगों के लिए उदाहरण हैं कि उम्र चाहे जो भी हो अगर हौसले बुलंद हैं तो दूसरों का मोहताज नहीं होना पड़ता, बिना एथलेटिक्स कोच के आज वह अकेले ही आत्मनिर्भरता के साथ एथलेटिक्स खेलों में प्रतिद्वंद्वी प्रतिभागियों को पछाड़ रहे हैं। रामस्वरूप कुकणा ने मुंबई मैराथन 2024 में 42 किलोमीटर की फुल मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान 3 घंटे 39 मिनट 9 सेकंड में दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। वहीं 21, 10 व 5 किलोमीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीतना रामस्वरूप कुकणा के लिए बाएं हाथ का खेल बन चुका है। बुजुर्ग के हौसले बुलंद देखकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गोल्ड मेडलिस्ट को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त बेंगलुरू, दिल्ली, लखनऊ, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, देहरादून आदि राज्यों में अपनी प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर 70 से ज्यादा गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। हालांकि हसंगा गांव के इस बुजुर्ग ने पूरी जवानी को किसानी में लगा दिया,मगर बुढ़ापे में गांव स्तर पर गत 5 वर्ष पहले हुई मनोरंजनदायक दौड़ प्रतियोगिता में कंसे गए कटाक्ष भरे व्यंग्य के बाद चुभती हुई बात सुनकर 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा की पूरी जिंदगी बदल गई और देशभर में प्रतिभावान एथलेटिक्स बन गए।



### प्रतियोगिता में बदला नजरिया

ग्राम पंचायत हसंगा ने करीब 5 वर्ष पहले मनोरंजन दायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। उपरोक्त प्रतियोगिता में बुजुर्गों की भी दौड़ शामिल की गई थी, जिसमें रामस्वरूप कुकणा ने 70 वर्ष की आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित की थी और जब दौड़ रहे थे तो अचानक जमीन पर जा गिरे। मगर इसी दौरान प्रतिभागी ने रामस्वरूप को चुभती हुई बात कह दी। उसी दिन से ही खेती-बाड़ी को छोड़कर एथलीट खेलों में अपना जीवन समर्पित कर दिया और तब से लेकर आज तक पीछे मुड़कर नहीं देखा। क्योंकि 100 मीटर की प्रतियोगिता में 10 कदम नहीं दौड़ पाने वाले रामस्वरूप कुकणा अब 40 किलोमीटर कुछ ही घंटों में नाप रहे हैं। इसलिए बुढ़ापे की दहलीज पर जाकर नाम रोशन कर रहे हैं।

### बुजुर्ग खिलाड़ी पर गर्व

सरपंच हसंगा के सरपंच वकील सहारण व पूर्व सरपंच सुरेंद्र लांबा ने बताया कि रामस्वरूप कुकणा देशभर में दूर- दराज जाकर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा का डंका दूसरे राज्य में बजा रहा है। इससे हमारी संपूर्ण पंचायत एवं ग्रामवासी गर्व महसूस करते हैं। एथलेटिक्स ने उम्र के आखिरी पड़ाव में भी दौड़ लगाकर शारीरिक रूप से मजबूत कर लिया है। क्योंकि महाराष्ट्र, बैंगलोर, दिल्ली, लखनऊ जैसे राज्य में एथलीट प्रतियोगिता में प्रथम नंबर पर आना अपने आप में रामस्वरूप कुकणा की उत्कृष्ट प्रदर्शन की एक बहुत बड़ी मिसाल है।

# इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ संस्कृति को बढ़ा रहे सुमित

◆ नौकरी से ज्यादा लोक गायकी में बेहतर करियर ◆ हरियाणवी कवियों में से पंडित लखमी चंद आदर्श रहे ◆ लोककला और लोक गीतों की स्थिति दयनीय

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति में रची बसी सांग और रागनियों की गूंज सात समंदर पार तक सुनाई देती है। इसका श्रेय सूबे के लोक कलाकारों को है, जिसमें हरियाणवी लोक संस्कृति की अलख जगाने के लिए अलग विधाओं में हरियाणा को पहचान दी है। ऐसे ही लोक कलाकारों में हिसार के सुमित सातरोड ऐसे रागनी गायक हैं, जिन्होंने सामाजिक, आध्यात्मिक, वीर रस की गाथाओं की विधाओं में अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को रागनी गायन के जरिये समाज के सामने परोसते हैं। सुमित ने समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए इंजीनियर की नौकरी को त्यागकर रागनी गायन शैली को अपनाया है। लोक कला के क्षेत्र में गायन शैली के दो दशक से ज्यादा के सफर को लेकर बुलंदियां छूते सुमित सातरोड ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को उजागर किया है, कि लोक कला के जरिए समाज में फैली कुरितियों को दूर करके सामाजिक समरसता की अलख जगाई जा सकती है।

लोक गायक सुमित सातरोड का जन्म 01 जनवरी 1974 को हिसार में गांव सातरोड में एक सामान्य परिवार में शिवकुमार शर्मा व संतोष देवी के घर में हुआ। जब वह तेरह साल के थे तो 1987 में उनके पिता का निधन हो गया था, जो एक सरकारी नौकरी में थे। पिता के निधन से पूर्व हमारी माता को नौकरी मिली, जिन्होंने हमारे लालन पालन और पढ़ाई का पूरा



ध्यान रखा और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग भी कराई। बकौल सुमित उन्हें बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था, परंतु परिवार में किसी प्रकार का कोई संगीत या कला का माहौल नहीं था और परिवार में उनके अलावा किसी अन्य सदस्य की इस क्षेत्र रुचि थी। सुमित को बचपन से नृत्य का अधिक शौक रहा। उनके गांव में हर छह महीने में गायन के लिए सुप्रसिद्ध लोकगायक मास्टर सतबीर सिंह भैंसवाल आते थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जब अपने गांव में मास्टर सतबीर सिंह भैंसवाल का गाना सुना, तो उन्हें पहली बार यह अहसास हुआ कि इस लोक गायकी से अच्छा कुछ नहीं है और तभी से उन्होंने भी अपना सारा ध्यान इसी लोक गायन संस्कृति पर केंद्रित करना शुरू कर दिया। उनके गायन शैली की शुरुआत साल 2000 भजन से की, जिसके बाद इतिहास और गाथाओं से जुड़े किस्सों पर रागनी गायन शुरू किया। हालांकि इसके लिए उन्हें घर परिवार और अपने संघी साथियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान केंद्रित रखा और अपनी राह पर आगे बढ़ता रहा। वैसे भी हरियाणवी कवियों में से पंडित लखमी चंद मुख्य रूप से उनका आदर्श रहे, वहीं लोक गायन शैली में पं. लखमी के शिष्य पंडित मांगेराम और शहीद कवि जाट मेहर सिंह की गायन शैली से भी वह बहुत प्रभावित हैं। लोक संस्कृति पर उनकी रागनी गायकी का फोकस रहा है। उनकी गायन शैली में आध्यात्मिक व सामाजिक शास्त्र और श्रृंगार रस का समावेश भी रहा है।



### सम्मान व पुरस्कार

रागनी गायक शैली के लोक कलाकार सुमित सातरोड ने विभिन्न विधाओं में अपनी कला के हुनर से हरियाणा ही नहीं, देश के कई राज्यों में सांस्कृतिक मंचों पर सम्मान पाया है। इसमें बाबा रामदेव की बायोपिक में गौ माता के भजन के ही करीब 15 सांस्कृतिक रत्न के रुप में पतंजलि योगपीठ से सांस्कृतिक अवार्ड शामिल हैं। इसके अलावा रागनी प्रतियोगिताओं और गांवों के मंच पर सैकड़ो पुरस्कार सम्मान उनके नाम दर्ज हैं।

### सोशल मीडिया का प्रभाव चिंतनीय

आज के इस आधुनिक युग में लोककला और लोक गीतों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। आज के इस सोशल मीडिया युग में हमारे मूल गीतों को दबाया जा रहा है, क्योंकि नाबालिग बच्चों के हाथों में मोबाइल फोन है और वह इस आकर्षण में फंसते जा रहे हैं। बच्चों का हमारी मूल संस्कृति के प्रति कम रुझान है। लोक गायक सुमित सातरोड ने सामाजिक, अध्यात्म और लोक संस्कृति को अपनी कला से आगे बढ़ाने के लिए दस साल की इंजीनियरिंग की नौकरी को छोड़ दिया था। उनका कहना है कि नौकरी से ज्यादा अच्छा लोक गायकी के क्षेत्र में बेहतर करियर दिखा। सुमित का कहना है कि हरियाणा में पहले पहले नाट्य स्वांग का प्रचलन शुरू हुआ था, इसके बाद फिर सन 1920 के आसपास पंडित लखमी चंद ने रागनी गायन के दौर की शुरुआत की, जिसमें इसमें मटका, बेंजो, हारमोनियम सब बजाए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### पशु बाड़े में अवैध शराब बेचते एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने शास्त्री नगर में बकरियों के बाड़े में अवैध शराब बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से शराब और बीयर की बोतलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी थी कि शास्त्री नगर निवासी यशवीर अपने घर के सामने बकरियों के बाड़े में अवैध शराब बेच रहा है।

### नलकूपों से हजारों रुपये का सामान चोरी

**जाटूसाना।** परखोतमपुर में चोर दो किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल व लोहे का गेट चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। जागर सिंह ने जाटूसाना थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि सुबह के समय जब वह अपने नलकूप पर गया तो उसके सबमर्सीबल पंप सेट की 30 फुट केबल गायब मिली। चोर नलकूप के कमरे का लोहे का गेट भी चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने पर पता चला किया चोर गांव में रहने वाले गुड़ियानी निवासी ईश्वर सिंह के नलकूप से भी 25 फुट केबल चोरी कर ले गए।

### धानक मंदिर बगीची में संस्था की सभा 29 को

**रेवाड़ी।** धानक धर्मशाला मंदिर बगीची में 29 जून सुबह 11 बजे संस्था के सदस्यों की आमसभा आयोजित की जाएगी। संस्था के सदस्यों ने बताया कि मंदिर बगीची के चुनाव संपन्न हुए करीब डेढ़ वर्ष होने वाला हैं। संस्था में अभी तक किराए के माध्यम से लाखों रुपये की आमदनी हो चुकी है। संस्था के निर्वाचित पदाधिकारियों की ओर से बिना समाज को विश्वास में लिए बाबा बालक नाथ की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम भी आयोजित किए है, जिसमें लाखों रुपये का खर्चा भी हुआ है। निर्वाचित पदाधिकारियों ने अभी तक वर्किंग कमेटी का गठन नहीं किया है तथा किए गए कार्यों को लेकर कोई प्रस्ताव तक पास नहीं किया है। पिछले डेढ़ साल में संस्था के खर्च का लेखा-जोखा भी समाज के सामने नहीं रखा है, जो संविधान का उल्लंघन है, जबकि संस्था के सदस्यों की ओर से प्रधान को दो बार लिखित में पत्र दिया जा चुका है।

### एसपी बोले सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहे सभी अपराधी

# पुलिस का अपराधियों पर आक्रमण विभिन्न अपराधों के 10 आरोपी काबू

जिला पुलिस की ओर से अपराध के नियंत्रण के लिए छह घंटे के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया तथा 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार रविवार को जिला पुलिस की ओर से अपराध के नियंत्रण के लिए छह घंटे के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। एसपी शशांक कुमार सावन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त 10 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में जिला पुलिस कप्तान ने सभी अपराध जांच शाखा, थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए उपलब्धि हासिल की है।

**इन मामलों में पुलिस ने पाई सफलता:** जिला पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 1 मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उनसे 12 बोतल अवैध देशी शराब व 12 बोतल बियर बरामद की है।

ऑपरेशन आक्रमण के दौरान थाना शहर में दर्ज युवक की हत्या के प्रयास के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 1 अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के दौरान 5 उद्घोषित-जमानोत्तर अपराधियों को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की, जो काफी लंबे अरसे से पुलिस गिरफ्त से फरार थे। इस कार्रवाई के अलावा पुलिस ने अन्य आपराधिक पुराने मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान थाना सदर व सेक्टर-6 धारूहेड़ा के दो मामलों में दो गुमशुदा महिलाओं की तलाश करके परिजनों से मिलाया गया।

पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लेन ड्राइविंग की अवहेलना करने पर 59 वाहनों चालकों के चालान किए। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में 10 आरोपियों को दबोच ऑपरेशन आक्रमण में सफलता प्राप्त की है।

#### जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं: एसपी

इस अवसर पर एसपी शशांक कुमार सावन ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सभी अपराधी सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहे। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे या किसी व्यक्ति की नशीले पदार्थों का व्यापार करने के बारे में सूचना मिले तो तुरंत डायल 112 या अपने संबंधित पुलिस थाना या चौकी में सूचना दे। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

## सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत: चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



पर्यावरण संरक्षण व वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। यह जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। नपा चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं। पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों की ओर से लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें वर्तमान में मिल रहा है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। पेड़-पौधों की अधिकता होने से हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। कई तरह की गंभीर बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही हैं। इसे गंभीरता से लेकर हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा। कंवर सिंह ने बताया कि बरसात शुरू होते ही धारूहेड़ा कस्बे में हजारों पौधें लगाए जाएंगे।

## कौशल निगम के जरिए आरक्षण और मेरिट खत्म कर रही बीजेपी: महावीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



महावीर मसानी।

कांग्रेसी नेता महावीर मसानी ने कहा कि बीजेपी दलित और पिछड़ा विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसीलिए यह सरकार हरियाणा से सरकारी शिक्षा, पक्की नौकरी और एससी-ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रही है। इसके लिए सरकार ने सरकारी संस्थाओं की फीस में कई-कई गुणा बढ़ोतरी कर दी है। एमडीयू की फीस में सीधे 5 गुणा तक फीस बढ़ाकर सरकार ने गरीब, किसान, एससी और ओबीसी परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से दूर करने के प्लान को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। शिक्षण संस्थानों की हालत ऐसी हो गई है कि यूजीसी ने प्रदेश की 2 सरकारी यूनिवर्सिटीज महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा राई को डिफॉल्टर की सूची में डाल दिया है। इससे पहले प्रदेश सरकार ने खुद नोटिफिकेशन जारी किया था कि प्रदेश की किसी यूनिवर्सिटी को फंड नहीं देगी। उसे अपने खर्चे खुद निकालने होंगे। बीजेपी ने कौशल निगम के जरिए कच्ची भर्तियां शुरू करके आरक्षण, मेरिट और पारदर्शिता को खत्म कर दिया है। प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं, लेकिन सरकार इसलिए उनपर पक्की भर्तियां नहीं कर रही है, क्योंकि पक्की भर्तियों में दलित-पिछड़ों को आरक्षण देना पड़ेगा। महावीर मसानी ने कहा कि बीजेपी ने आरक्षण को सिर्फ कागजों तक सीमित कर दिया है। आरक्षण को खत्म करने के लिए ही सरकार ने पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर लिमिट को कम किया है। केंद्र में क्रिमी लेयर की जो लिमिट 8 लाख है, उसे हरियाणा सरकार ने घटाकर 6 लाख कर दिया है। इसके चलते लाखों ओबीसी परिवारों का आरक्षण खत्म हो गया है, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर इसे बढ़ाकर 10 लाख किया जाएगा। मसानी ने कहा कि बीजेपी दलित और पिछड़े वर्ग को जमीन के अधिकार, आरक्षण, सरकारी नौकरी और शिक्षा से पूरी तरह वंचित रखना चाहती है। इसलिए कांग्रेस इस बार का विधानसभा चुनाव वंचित वर्गों को उनका अधिकार दिलाने और प्रदेश को फिर से देश का नंबर वन राज्य बनाने के मकसद से लड़ेगी।

## न्यूज डायरी

### प्रजापति समाज के कैंप में 270 ने कराई नेत्र जांच



**रेवाड़ी।** प्रजापति समाज की ओर से रविवार को कुतुबपुर स्थित प्रजापति धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेंटर फॉर साइट अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने लोगों की आंखों की जांच की। संस्था के प्रधान संजय ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कैंप में 270 पुरुष व महिलाओं की आंखों की जांच की गई। कैंप का उद्घाटन 360 के चौधरी दौलतराम व ओमप्रकाश रिटायर्ड रीजनल मैनेजर ने किया। डॉ उमेश कुमार, डॉ संजय कुमार व डॉ चित्रा मुकुट ने लोगों की आंखों की जांच की। प्रजापति समाज समय-समय पर सामाजिक हित के कार्य करता आ रहा है। आगे भी इसी प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति, राजू प्रजापति, रमेश प्रधान, थानाराम, बुधराम, सतबीर थानेदार, रमेश खजांची, मिंदर, धर्मी, भगवानाराम, रोशनलाल, प्रधान, मास्टर महेंद्र, नवीन कुमार, हरिद्वारीलाल, साहिल कुमार, अशोक कुमार, लक्ष्मण दास व विजय कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### डांस प्रशिक्षण समर कैंप का हुआ समापन



**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट स्थित अकेडमी में समर कैंप उमंग सीजन-8 का रविवार को समापन किया गया। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह चौकी इंचार्ज भाड़ावास गेट ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर बल्डोदिया ने की। मंच संचालन ईश्वरी प्रसाद ने किया। एआर डांस अकेडमी के निदेशक अभिषेक सैनी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को अनेक नृत्यों का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में 18 बच्चों ने डांस का प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर राजेश भगत, प्रिया सैनी, दिव्या सैनी, परिधि, तिशा, नियति सैनी, रक्षांश, काव्या, वंशिका, मानवी, भव्य, धमनी, निशा, खुशी, शालू सैनी, प्रशांत मेहंदीरत्ता व कपिल मौजूद थे।

### यादव सभा के फ्री कैंप में 86 लोगों की जांच



**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 86 लोगों को निशुल्क ओपीडी सेवाएं देकर फ्री दवाईयां प्रदान की गई। डॉ एस पी यादव ने मेडिसिन, डॉ प्रशांत यादव ने हड्डीरोग, डॉ पवन यादव ने न्यूरो सर्जरी, डॉ मनीष यादव ने ईएनटी, डॉ योगेन्द्र यादव ने चर्मरोग व डॉ कोमल यादव ने दंत रोगियों की जांच की। शिविर में डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह, राम सिंह, गोकल राम, अमर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सभा प्रवक्ता सतीश यादव व बिक्रम ने सहयोग दिया।

### अर्थशास्त्र विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति से होंगे दाखिले



**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के अर्थशास्त्र विभाग से एमए करने के लिए अभ्यर्थी 27 जून तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष डा. विकास बतरा ने बताया की इस कोर्स में दाखिला लेने की योग्यता ग्रेजुएशन है, जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति नेत्रहीन तथा दिव्यांगों के लिए ग्रेजुएशन में कम से कम 42.50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। एमए अर्थशास्त्र में कुल 40 सीटें हैं, जिसका पूरा विवरण सूचना विवरणिका में दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सत्र से स्नातकोत्तर स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जा रही है और अर्थशास्त्र में भी इसी नीति के तहत दाखिल किये जाएंगे। इस कोर्स में दाखिला मेरिट के अनुसार ग्रेजुएशन में प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाएगा। डा. बतरा ने कहा कि अर्थशास्त्र में एमए की देश और विदेश में बहुत अधिक मांग है और रोजगार के सुनहरे अवसर भी प्राप्त होते है।

### बने सिंह बने रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस कमेटी के जिला प्रधान



**रेवाड़ी।** रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस कमेटी की मीटिंग प्रधान कैलाश गुर्जर की अध्यक्षता में नेहरू पार्क में आयोजित की गई, जिसका संचालन देवेंद्र तिवाड़ी ने किया। बैठक में रिटायर्ड एम्प्लॉयज कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल यादव मौजूद थे। इस अवसर पर बाबूलाल यादव ने बताया कि सरकार की ओर से कमेटी की पांच सूत्रीय मांगो पर सुनवाई नहीं की जा रही है। 65 वर्ष 70 वर्ष और 75 वर्ष पूरा होने पर बेसिक पे में 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। कॉन्युटेशन 15 वर्ष की जगह 12 वर्ष किया जाए। मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 3000 किया जाए। कोरोना काल का 18 महीने के डीए का भुगतान किया जाए।

### विद्यार्थियों ने योग से स्वस्थ रहने का दिया संदेश



**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने रविवार को स्वयं और समाज के लिए योग थीम के तहत गैर सरकारी संगठन एवं कंपनियों में लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डा. विकास बतरा के मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थियों ने योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। डा. बतरा ने कहा कि योगाभ्यास को निरंतर कार्यशैली में अपना कर जीवन-यापन को स्वस्थ व सुगम बनाया जा सकता है।

## एमए दर्शनशास्त्र में विश्वविद्यालय टॉप करने पर समाजशास्त्र प्रवक्ता सुधा शर्मा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

राजस्थान के अलवर जिले में स्थित राज ऋषि भतृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बावल के मोहल्ला तिवाड़ी चौक निवासी सुधा शर्मा के एमए दर्शनशास्त्र विषय में विश्वविद्यालय टॉप करने पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र की ओर से गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। सुधा शर्मा के सम्मान में रविवार को बावल ब्राह्मण सभा और अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सुधा शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सुधा शर्मा ने बताया उन्होंने अलग-अलग विषयों में 7 बार एमए किया है और वर्तमान में वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल शहबाजपुर में समाजशास्त्र की प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, भूगोल तथा दर्शनशास्त्र विषय में एमए की डिग्री हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया है। ब्रह्मण सभा बावल के पूर्व प्रधान आचार्य ज्ञानचंद शर्मा पावटी ने कहा कि यह पूरे समाज के लिए गौरव की बात है तथा युवाओं को भी प्रवक्तासे प्रेरणा लेकर सफलता के मार्ग पर चलना चाहिए।



रेवाड़ी। सुधा शर्मा को सम्मानित करते हुए ब्राह्मण समाज। फोटो : हरिभूमि

## अतिथि अध्यापकों की महाआक्रोश रैली 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अतिथि अध्यापक संघ की बैठक प्रधान नरेश यादव के नेतृत्व में नेहरू पार्क में आयोजित की गई। प्रधान ने बताया कि अतिथि अध्यापक संघ की महाआक्रोश रैली 25 जून को होने जा रही है। जिलाध्यक्ष नरेश यादव ने बताया कि कुरुक्षेत्र स्थित सेक्टर-3 जिंदल चौक स्थित मुख्यमंत्री के आवास के पास महाआक्रोश की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अतिथि अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार करती आ रही है। 2018 में अतिथि अध्यापकों की समान वेतन की मांग मानी गई और मुख्यमंत्री ने स्वयं घोषणा की, लेकिन पत्र जारी नहीं हुआ। 2019 में एक्ट बनने के बाद सर्विस रूल्स की बात मानकर मुख्यमंत्री ने घोषणा की, लेकिन पत्र जारी नहीं किया गया। 2022 में सर्वश्रेष्ठ रूल के साथ और भी अन्य सुविधाओं की बात मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने मानी, लेकिन इसका भी पत्र जारी नहीं किया गया।

#### बैठक में ये रहे उपस्थित

ईश्वर सिंह, नरेश मेवात, मोहन शर्मा, रंजीत सिंह, भरत सिंह, नरेंद्रपाल व मनोज बत्रा सहित अनेक अतिथि अध्यापक मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू: चिरंजीव

विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत गांव माजरा श्योराज में सामुदायिक भवन की चार दीवारी का लोकार्पण और गांव बूढ़पुर में रास्ते का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। विकास कार्य का उद्घाटन करते चिरंजीव राव। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेसी विधायक चिरंजीव राव ने रविवार को धारूहेड़ा में कार्यकर्ता की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत गांव माजरा श्योराज में सामुदायिक भवन की चार दीवारी का लोकार्पण और गांव बूढ़पुर में रास्ते का उद्घाटन किया। विधायक चिरंजीव राव ने कहा लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद हरियाणा में भी भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की एक भी सीट नहीं आई थी, फिर भी हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के 31 विधायक जीते थे और इस बार तो लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के 5 सांसद बने हैं, जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है की 3 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस पार्टी की भारी बहुमत से सरकार बनाने का काम करेगी।

विधायक ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये, बिजली की 300 यूनिट फ्री, गरीबों को प्लांट और मकान व कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। विधायक चिरंजीव ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में सभी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं। यूजीसी नेट व नीट का पेपर भी लीक होने के चलते रद कर दिया है। इस तरह से मौजूदा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा महीने में मात्र 10 दिन नहर चल रही है, बिजली के लंबे-लंबे कट लग रहे हैं। शहर में लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है तो बाजार की सड़कें टूटी पड़ी है। वर्तमान में मौजूदा सरकार व प्रशासन जनता की सुध तक नहीं ले रही है।

### पुलिस अफसर बताकर गाड़ी लेकर फरार

**रेवाड़ी।** खुद को राजस्थान के कोटपुतली में पुलिस अधिकारी बताकर हरिद्वार गाड़ी लेकर गया एक व्यक्ति चालक को चकमा देकर गाड़ी सहित फरार हो गया। कोटपुतली थाने में पूछताछ करने के बाद वह फर्जी पुलिस अधिकारी निकला। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद गाड़ी व आरोपी की तलाश शुरू कर दी। राजस्थान के राजनौता निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त धर्मेंद्र की कार लेकर किसी काम से कोटपुतली के नगर पालिका पार्क गया था। वहां उसे एक व्यक्ति मिला जिसने बताया कि वह कोटपुतली थाने में तैनात है। उनके एक अधिकारी को किसी काम से हरिद्वार जाना है। उसकी बात सुनकर वह हरिद्वार जाने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद पुलिस अफसर बताने वाला व्यक्ति उसकी गाड़ी में बैठ गया। वह उसे लेकर हरिद्वार चला गया। काम निपटाने के बाद उस व्यक्ति ने वापस चलने के लिए कहा। जब वह धारूहेड़ा फ्लाईओवर के पास आए तो उसने गाड़ी रुकवाकर कहा कि वह होटल से दोनों के लिए खाना ले आए।

### नशा मुक्त भारत पखवाडा अभियान

# नुक्कड़ नाटक से आमजन को कर रहे नशे से दूर रहने के लिए जागरूक





रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक करते कलाकार एवं कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस नशा मुक्त भारत पखवाडा अर्न्तगत नशे के खिलाफ विशेष अभियान के आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक कर रही हैं। रविवार को थाना माडल टाउन, थाना शहर, धारूहेड़ा, सेक्टर-6 धारूहेड़ा, खोल, कोसली व एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीमों ने लाइफ लाग कंपनी धारूहेड़ा, खोरी रेलवे स्टेशन, नेहरू पार्क, नया गांव जाटों वाला, खालेटा, ट्रक यूनियन धारूहेड़ा, कंटेनर डिपो व रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के जरिए करीब 1100 लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि यह अभियान 26 जून तक जारी रहेगा।

#### रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

जिला पुलिस की ओर से रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पुलिस व रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था के कलाकरों ने आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कलाकारों ने बताया कि नशे में युवक अपने भविष्य के साथ-साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर रहे है। कलाकार पार्थ, राधिका, नेहा, प्रिया, चंचल, दया, दीपक सैनी, हेमंत राठी, बृजेश अग्रवाल व संजय मनचंदा ने नुक्कड़ की प्रस्तुति दी। पुलिस टीम ने आमजन को बताया कि आप अपने आप को नशे से दूर रखें तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। सभी को अपने बच्चों की गतिविधियों पर निगाह रखने की भी हिदायत दी गई।

## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी काबू

**कोसली।** नया गांव जाटों वाला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 18 जून को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने गांव निवासी प्रदीप रितिक व संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी कब्जे में ले ली है।

### ई-रिक्शा व कार की बैट्रियां ले गए चोर

**रेवाड़ी।** कुतुबपुर में चोर एक ई-रिक्शा और कार की पांच बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में धर्मेंद्र ने बताया कि सुबह जब वह उठकर अपनी ई-रिक्शा के पास गया तो उसकी 4 बैट्री गायब मिली। उसने आसपास बैट्री चोरी के बारे में पूछताछ शुरू की तो पता चला कि चोर राजकुमार की स्विफ्ट कार का शीशा तोड़कर बैट्री चोरी कर ले गए।

### मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट की उल्लंघना के चलते एक गाड़ी चालक ने सड़क हादसे को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने 2 जून को केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की थी। राजस्थान के हुड़िया खुर्द निवासी सचिन को गिरफ्तार किया।

### मोबाइल फोन व ट्रैक्टर की बैट्री चोरी

**भाड़ावास।** खरखड़ी के पास चोर एक ट्रैक्टर की बैट्री व मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के संदरह निवासी अजीत सिंह ने बताया कि वह रामकुमार की बोरिंग मशीन पर लगा हुआ है। बोरिंग करने के बाद उसने बोरिंग मशीन व ट्रैक्टर मोहनलाल की दुकान के सामने खडे.किए थे। वह ट्रैक्टर के पास ही सोया हुआ था। सुबह जब वह उठा तो उसे उसका मोबाइल फोन गायब मिला।

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का ड्रा आज

**रेवाड़ी।** एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार 24 जून को दोपहर 12 बजे शहर के केएलपी कॉलेज में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लेटफार्म पर प्लाट आवंटन के लिए कमेटी के समक्ष ऑनलाइन ड्रा निकाला जाएगा। उन्होंने इस संबंध में एसपी को सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एस्टेट मैनेजर डीएचएफए एवं सदस्य सचिव को पूरी ऑनलाइन ड्रा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने, एक्सईएन डीएचबीवीएन को बिजली सप्लाई के पुख्ता प्रबंध करने के साथ-साथ पावर बैकअप के साथ जनरेटर सेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

## आरोपी आईसीडीपी के प्रोजेक्ट ऑफिसर बताए जा रहे

# कोल्ड स्टोर निर्माण के नाम पर धोखाधड़ी दो प्रोजेक्ट ऑफिसर समेत पांच नामजद

■ स्पाक में कार्यरत पंकज भादू ने बताया कि अगर वह मंजीत और संदीप के कहे अनुसार कोल्ड स्टोर का निर्माण नहीं कराएगा, तो वह उसका केस रुकवा देंगे






रेवाड़ी। खोल थाना परिसर तथा कोल्ड पैकेज स्टोर फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना खोल पुलिस ने धवाना में कोल्ड स्टोर बनाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी आईसीडीपी के प्रोजेक्ट ऑफिसर बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में धवाना निवासी ज्ञानीरात ने बताया कि वह धवाना हर्ब्स फार्मर प्रोड्यूशर कंपनी लि. का डायरेक्टर है। वर्ष 2019 में उसके पास मंजीत गोयत व संदीप श्योराण आए थे। उन्होंने खुद को महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी जिले का परियोजना अधिकारी बताया था। दोनों ने उसे एफपीओ बनाने की सलाह दी। उनके बार-बार आने के बाद उसने कंपनी रजिस्टर्ड करा दी। दोनों ने उससे कहा कि वह अब अपनी कंपनी के नाम से आईसीडीपी स्कीम के तहत इंटीग्रेट पेक हाउस कोल्ड स्टोर लगवा सकता है। उसने उनकी बातों में आकर आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के बाद कंपनी के खाते से बताई गई ट्रांसफर कर दी। उसने पीएनबी में कंपनी के खाते से 2.40 लाख रुपये इन दोनों की बताई गई फर्म के नाम ट्रांसफर कर दिए। 21 फरवरी को विभाग की ओर से कोल्ड स्टोर लगाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई, जिसमें किसान का हिस्सा 33.93 लाख और सरकार की सब्सिडी 219.27 लाख रुपये थी। इन दोनों ने बताया कि विभाग ने कोल्ड स्टोर निर्माण के लिए एसएफएसीएच फर्म को ठेका दिया है। जब दोनों से दस्तावेज मांगे तो उन्होंने कोई दस्तावेज नहीं दिए।

### मनमाफिक फर्म से निर्माण कराने पर बिफरे

ज्ञानीराम ने बताया कि उसने दोनों से कहा कि वह अपनी मनमाफिक फर्म से कोल्ड स्टोर का निर्माण कराएगा, तो दोनों आवेश में आ गए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर वह विभाग में उच्च स्तर पर पहुंच होने के कारण उसका कोल्ड स्टोर निर्माण का मामला रुकवा देंगे। स्पाक में कार्यरत पंकज भादू ने बताया कि अगर वह मंजीत और संदीप के कहे अनुसार कोल्ड स्टोर का निर्माण नहीं कराएगा, तो वह उसका केस रुकवा देंगे। इसके बाद वह कोल्ड स्टोर निर्माण कराने के लिए तैयार हो गया। उसने कुछ ब्लैंक चेक भी दोनों को दे दिए।

### घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप

ज्ञानीराम ने पुलिस शिकायत में बताया कि बाद में दोनों आरोपियों ने एलपी इंफ्रा कंपनी से कोल्ड स्टोर का निर्माण शुरू करा दिया। निर्माणकार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। जब ठेकेदार को इसकी शिकायत की गई तो उसने काम बीच में छोड़ने की धमकी दी। निर्धारित अविध में कार्य भी पूरा नहीं किया गया। उसने आरोप लगाया कि उसकी ओर से दिए गए चेक का दोनों आरोपी दुरूपयोग कर रहे हैं। इससे वह मानसिक रूप से परेशान हो चुका है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।



रेवाड़ी। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का अभिनंदन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने सांसद कुलस्ते का किया अभिनंदन

■ राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह गुप्ता ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को दिल्ली में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व नव निर्वाचित सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते का अभिनंदन किया। मंच संचालन हरियाणा प्रदेश के महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ ने किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने दिल्ली के व्यापारी मदन लाल गोयल को नियुक्ति पत्र देकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सांसद कुलस्ते ने नियुक्ति पत्र भेंट किया।

सांसद ने कहा की राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ व्यापारियों की भलाई के लिए कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह ने कहा कि फग्गन सिंह कुलस्ते राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के मुख्य संरक्षक है। इनकी देखरेख में ही संस्था व्यापारियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मदन गोयल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महासचिव दिनेश कुमार व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सतराज जून, सचिव पंडित बाल भगवान शास्त्री, सुरेन्द्र गोयल, प्रदीप गोयल, ललित, ब्रह्मजीत, कृष्ण, गोपी राम व इलियास अहमद मिडिया प्रमुख बीजेपी दिल्ली अल्प संख्यक मोर्चा उपस्थित थे।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

■ स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, उनको वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर-जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं।

### बंद स्कूल से हजारों रुपये का सामान चोरी

■ चोर स्कूल से दो इन्वर्टर, एक इन्वर्टर की व एक डीटीएच की बैट्री तथा बर्तन चोरी कर ले गए

**बावल।** नंगली परसापुर में चोर सरकारी स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। स्कूल गर्मियों के अवकाश के कारण बंद है। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर अशोक कुमार ने बताया कि गत 31 मई को ग्रीष्मावकाश के चलते स्कूल के सारे सामान को व्यस्थित रखने के बाद सभी कमरों के ताले बंद कर दिए गए थे। रविवार को मिड-डे मील वर्कर बिमला देवी और सीमा ने उसे फोन पर बताया कि स्कूल में चोरी हो गई है। सूचना मिलने के बाद वह स्कूल में पहुंच गया। पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। स्कूल के दो कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोर स्कूल से दो इन्वर्टर, एक इन्वर्टर की व एक डीटीएच की बैट्री तथा भोजन पकाने का भगोना चोरी कर ले गए। पुलिस ने हेडमास्टर की शिकायत पर चोरी का केस करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## सैनिक स्कूल के छात्र मोहित फ्लाइंग ऑफिसर बन भारतीय वायुसेना में हुए शामिल





रेवाड़ी। अपने माता-पिता के साथ फ्लाइंग ऑफिसर मोहित तथा विमान के साथ फ्लाइंग ऑफिसर मोहित। फोटो : हरिभूमि

■ मोहित के पिता भी वायु सेवा से 2012 में सेवानिवृत्ति प्राप्त कर चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैनिक स्कूल के छात्र कैडेट मोहित ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर पद प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोहित को हाल ही में 15 जून को भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में भारत सरकार के की ओर से कमीशन किया गया है। वायुसेना अकादमी में संपन्न हुई पासिंग आउट परेड के पश्चात ऑफिसर विधिवत रूप से भारतीय वायुसेना का अभिन्न अंग बन गए है। इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्राचार्य, उप-प्राचार्या व प्रशासनिक अधिकारी ने मोहित को शुभकामनाएं देते हुए इसे विद्यालय व क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण बताया। उप-प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास कर देश को परिपक्व सैन्य अधिकारी प्रदान करना है। विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर जयसिंह राठौड़ ने कहा कि देश को सुयोग्य नागरिक व सैन्य अधिकारी प्रदान करने के लिए विद्यालय प्रतिबद्ध है। कैडेट मोहित ने सैनिक स्कूल के अपने चार वर्ष के प्रशिक्षण को सर्वश्रेष्ठ बताया और विद्यालय की ओर से प्रदत प्रशिक्षणों व अनुभवों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी व वायु सेना अकादमी के प्रशिक्षण में काफी मददगार बताया।

### मोहित के पिता भी वायुसेना से रिटायर्ड

फ्लाइंग ऑफिसर मोहित के पिता भी वायु सेवा से 2012 में सेवानिवृत्ति प्राप्त कर चुके हैं। फ्लाइंग ऑफिसर मोहित विद्यालय के पांचवें बैच के छात्र रहे हैं और उन्होंने 2020 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 144 में बैच में प्रवेश किया। साथ ही वह कक्षा 12वीं के टॉपर में से एक रहे हैं। मोहित की इस उपलब्धि से सभी छात्रों में एक नई प्रेरणा और उत्साह का संचार हुआ है। शिक्षकों ने ऑफिसर की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अभिभावकों ने फ्लाइंग ऑफिसर मोहित की सफलता का श्रेय विद्यालय अधिकारियों के योग्य निर्देशन तथा अध्यापकों के सफल मार्गदर्शन व प्रयासों को दिया है। मोहित ने अपनी इस सफलता का श्रेय सैनिक स्कूल के कुशल मार्गदर्शन, अध्यापकों के परिश्रम, माता-पिता के आशीर्वाद तथा अपने सभी साथियों को दिया है।

## टीजीटी व पीजीटी ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कोसली विधायक को ज्ञापन सौंपते टीजीटी व पीजीटी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कौशल अध्यापक एसोसिएशन के तत्वावधान में टीजीटी व पीजीटी ने प्रमोशन, ट्रांसफर व रेगुलर अध्यापक आने पर उन्हें अन्य रिक्त पदों पर समायोजित कराकर जॉब सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह को ज्ञापन सौंपा।

अध्यापकों ने बताया कि एचकेआरएनएल के माध्यम से चयनित 9112 टीजीटी तथा पीजीटी प्रमोशन, ट्रांसफर व रेगुलर अध्यापक आने से समय-समय पर प्रभावित होते रहे हैं, जिसके तहत 117 पीजीटी संस्कृत, एक राजनीतिक विज्ञान तथा सात पीजीटी बायोलॉजी प्रभावित भी हो चुके हैं। निकट भविष्य में नई नियुक्तियां, ट्रांसफर व प्रमोशन से प्रभावित होने की प्रबल संभावना है, लेकिन शिक्षा विभाग के पास अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। उन्होंने रिक्त पदों पर समायोजित करने का विभागीय पत्र जारी कराकर जॉब सुरक्षा देने और हटाए गए पीजीटी शिक्षकों का समायोजन करने की मांग की। कोसली विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात करके उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर कमेटी पदाधिकारियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एशियन बॉडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक अमित स्वामी ने अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी के अध्यक्ष थामस बैक को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर पत्र लिखकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज का यह दिवस विश्व भर के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो हर वर्ग, जाति व धर्म से ऊपर उठकर खेलों और खेल भावना को जीवन में अपनाने, स्वास्थ्य, ओलिम्पक खेलों के प्रति जागरूकता, आपसी सौहार्द, शांति व अनुशासन का प्रतीक है। खेलों का महाकुम्भ इस वर्ष पैरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने जा रहा है। स्वामी ने आगामी ओलिम्पक खेलों के सफल आयोजन के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ विश्व के तमाम खेल संगठनों, खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमियों को बधाई दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

**मौसम** | लू का प्रकोप खत्म होने के बाद उमस भरी गर्मी ने परेशान किया, इस सप्ताह बरसात दिलाएगी राहत

## मौसम में बदलाव से प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ीं, आसमान में बादलों से बूंदाबांदी के आसार

■ जून माह के अंत में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जून माह के अंत में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। प्री-मानसून गतिविधियां नजर आने लगी हैं, जिससे जल्द हल्की बरसात या बूंदाबांदी की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं। इस सप्ताह हल्की बरसात भारी गर्मी से राहत दिलाने का काम करेगी। सप्ताह के अंत में अच्छी बरसात होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल हवा में नमी का स्तर बढ़ने के कारण उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। रविवार को सुबह से आसमान साफ रहने के कारण दोपहर तक उमस भरी गर्मी पसीने छुड़ाती रही। अधिकतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 41.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से मौसम साफ रहने के कारण दोपहर तक तेज धूप का असर बना रहा।

हवा में नमी का स्तर 50 फीसदी तक होने के कारण उमस भरी गर्मी परेशान करती रही। बीते चार दिनों से मौसम में बदलाव के बाद लू का असर लगभग खत्म हो चुका है, लेकिन चिपचिपी गर्मी अभी भी लोगों का पसीना छुड़ा रही है। मौसम में बदलाव के कारण जनजीवन पटरी पर आने लगा है। लोगों ने दोपहर के समय भी घरों से बाहर निकलना शुरू कर दिया है। लू के कारण दोपहर के समय लोग घरों में ही दुबके रहने को मजबूर थे। मौसम अनुकूल होना शुरू हो गया है। कई दिनों से भारी गर्मी के कारण बिजली का लोड भी काफी बढ़ गया था। निगम के लिए पावर सिस्टम को बचाना भी चुनौती बन गया था। मौसम में बदलाव के बाद बिजली की खपत में 10 लाख यूनिट तक की कमी आई है। अनावश्यक पावर कटों से भी लोगों को राहत मिलने लगी है।



रेवाड़ी। रविवार शाम को आसमान में छाएं बरसात के बादल।

### बिखराव वाली बरसात की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार तेज हवाएं चलने से प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। इससे दक्षिणी हरियाणा और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में बिखराव वाली बरसात की संभावनाएं बन रही हैं। इस सप्ताह मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिलेगा। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। सप्ताह के अंत में अच्छी बरसात होने की संभावना है। इस समय किसानों को बरसात का बेसब्री से इंतजार है। अगर अच्छी बरसात होती है, तो किसान जल्द बाजरे की बिजाई शुरू कर देंगे। मौसम में बदलाव से कपास की फसल को भी लाभ हो रहा है।